| | |
|---|---|
| Test Date | 20/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी बर्गर, पिज्जा हैं।
सभी बर्गर, फ्राइज़ हैं।
सभी बर्गर, टैको हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी पिज्जा, टैको हैं।
(II) कुछ टैको, फ्राइज़ हैं।

**Ans**
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Q.2** वार्षिक साधारण ब्याज की किस दर (प्रतिशत में) से कोई धनराशि 8 वर्षों में स्वयं की तीन गुनी हो जाएगी?

**Ans**
✗ 1. 24
✗ 2. 37.5
✗ 3. 36.5
✓ 4. 25

**Q.3** सात डिब्बे, F, G, H, I, L, M और N, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। I के नीचे केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। I और F के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। L के ऊपर केवल H रखा गया है। M को G के नीचे किसी स्थान पर और N के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। नीचे से दूसरे स्थान पर कौन-सा डिब्बा रखा गया है?

**Ans**
✗ 1. F
✓ 2. N
✗ 3. H
✗ 4. L

**Q.4** विंडोज़ ओएस का कौन -सा घटक यूजर्स को सिस्टम सेटिंग्स जैसे डिस्प्ले रिज़ॉल्यूशन, ध्वनि प्राथमिकताएं (sound preferences) और उपयोगकर्ता यूजर अकाउंट को मॉडिफाई करने की सुविधा देता है?

**Ans**
✗ 1. टास्क मैनेजर (Task Manager)
✗ 2. फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer)
✗ 3. कमांड प्रॉम्प्ट (Command Prompt)
✓ 4. कंट्रोल पैनल (Control Panel)

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सी मृदा भारत में चावल की खेती के लिए सबसे उपयुक्त है?

Ans
1. जलोढ मृदा ✔
2. मरूस्थलीय मृदा ✗
3. लवणीय मृदा ✗
4. लाल मृदा ✗

**Q.6** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : OWF :: VDM : %

Ans
1. # = TBK, % = QYU ✗
2. # = TYK, % = QYH ✗
3. # = TBK, % = QYH ✔
4. # = TBM, % = QYH ✗

**Q.7** दो घनों, जिनके कोरों की लंबाईयाँ क्रमशः x cm और y cm है, के परिमापों का योगफल 300 cm है तथा कोरों x और y का गुणनफल 156 $cm^2$ है। दोनों घनों के आयतन का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1756 $cm^3$ ✗
2. 2968 $cm^3$ ✗
3. 2178 $cm^3$ ✗
4. 3925 $cm^3$ ✔

**Q.8** एमएस एक्सेल (MS Excel) में किस प्रकार का सेल रेफरेंस, किसी फॉर्मूले को किसी अन्य स्थान पर कॉपी करने पर कॉलम लेटर (column letter) और रो संख्या (row number) दोनों को स्वचालित रूप से मॉडिफाई करता है?

Ans
1. एब्सोल्यूट रेफरेंस (Absolute Reference) ✗
2. मिक्स्ड रेफरेंस (Mixed Reference) ✗
3. रिलेटिव रेफरेंस (Relative Reference) ✔
4. स्टेटिक रेफरेंस (Static Reference) ✗

**Q.9** बूस्टर पंप का उपयोग टैंक को भरने के साथ-साथ खाली करने के लिए भी किया जा सकता है। टैंक की धारिता 1800 $m^3$ है। टैंक की खाली करने की क्षमता, इसकी भरने की क्षमता से 10 $m^3$/min अधिक है, और पंप को टैंक को खाली करने में जितना समय लगता है, उसे भरने में उससे 6 मिनट कम समय लगता है। पंप की भरने की क्षमता $m^3$/min में कितनी है?

Ans
1. 65 ✗
2. 50 ✔
3. 27 ✗
4. 18 ✗

**Q.10** एक घनाभ की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 70 cm और 96 cm है। यदि इसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 1488 $cm^2$ है, तो इसके विकर्ण की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\sqrt{15420}$ ✗
2. $\sqrt{15408}$ ✗
3. $\sqrt{15412}$ ✔
4. $\sqrt{15402}$ ✗

**Q.11** एक निश्चित कूट भाषा में, 'can you knock' को 'mo nv sb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'knock the door' को 'kx rg nv' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'knock' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
1. kx
2. rg
3. nv ✔
4. sb

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

Ans
1. 23 : 25
2. 13 : 32
3. 25 : 26 ✔
4. 18 : 37

**Q.13** पाँच संख्याओं का औसत 56 है। उनमें से चार संख्याएँ 35, 42, 32 और 26 हैं। पाँचवीं संख्या कौन-सी है?

Ans
1. 135
2. 68
3. 145 ✔
4. 55

**Q.14** मानव जीनोम के पूर्ण अनुक्रमण ने __________ के प्रारंभ को चिह्नित किया है।

Ans
1. प्रतिरक्षाविज्ञान (immunology)
2. कोशिकानुवंशिकी (cytogenetics)
3. जीनोमिकी (genomics) ✔
4. संरचनात्मक जीव विज्ञान (structural biology)

**Q.15** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। Q की परीक्षा मंगलवार को है। Q और R के बीच ठीक 2 व्यक्तियों की परीक्षा है। P की परीक्षा T से ठीक पहले है, और S की परीक्षा V के ठीक बाद है। T और V के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा है। सोमवार को किसकी परीक्षा है?

Ans
1. U ✔
2. V
3. S
4. T

**Q.16** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 657 435 578 659 619 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या प्राप्त होगा?

Ans
1. 11
2. 12
3. 9
4. 10 ✔

**Q.17** जनवरी 2025 में, जम्मू के अखनूर में आयोजित सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस समारोह में, पूर्व सैनिकों के सम्मान में प्रमुखतः क्या किया गया?

Ans
1. वन रैंक वन पेंशन के दूसरे चरण के लाभों का शुभारंभ किया गया
2. राष्ट्रीय वेटरन्स मेमोरियल पार्क का उदघाटन किया गया
3. 108 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और हेरिटेज म्यूज़ियम का उद्घाटन किया गया
4. पूर्व सैनिकों के परिवारों को वीरता पदक प्रदान करने हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया

**Q.18** यदि किन्हीं आंकड़ों की माध्यिका उसके बहुलक से 20.8 कम है, तो उन आंकड़ों की माध्यिका उसके माध्य से _____ अधिक होगी। (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए)

**Ans**
- ✗ 1. 13.72
- ✗ 2. 12.43
- ✓ 3. 10.4
- ✗ 4. 6.32

**Q.19** यदि संख्या 4568712 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर क्या होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 7
- ✗ 2. 9
- ✗ 3. 6
- ✓ 4. 8

**Q.20** हिंदू मंदिर का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग, प्रमुख देवता के लिए सबसे भीतरी कक्ष होता है?

**Ans**
- ✗ 1. शिखर
- ✗ 2. जगती
- ✗ 3. कलश
- ✓ 4. गर्भगृह

**Q.21** मिस्टर OPQ बिंदु A से प्रारंभ करते हुए, उत्तर की ओर 31 km ड्राइव करता है। फिर वह बाईं ओर मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर बाईं ओर मुड़ता है और 51 km ड्राइव करता है। फिर बाईं ओर मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाईं ओर मुड़ कर 20 km ड्राइव करके, बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुन: पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

**Ans**
- ✗ 1. 3 km दक्षिण की ओर
- ✗ 2. 9 km पूर्व की ओर
- ✓ 3. 5 km पश्चिम की ओर
- ✗ 4. 4 km उत्तर की ओर

**Q.22** यदि 600 केलों को तीन बंदरों के बीच क्रमश: $\frac{1}{14} : \frac{1}{2} : \frac{9}{3}$ के अनुपात में वितरित किया गया है, तो तीसरे बंदर को कितने केले मिलेंगे?

**Ans**
- ✗ 1. 503
- ✗ 2. 506
- ✗ 3. 505
- ✓ 4. 504

**Q.23** यदि $3\ \tan A = 4$ है तो $\frac{(1-\sec A)(1+\sec A)}{(1-\operatorname{cosec} A)(1+\operatorname{cosec} A)}$ का मान ज्ञात करें।

**Ans**
- ✗ 1. $\frac{80}{27}$
- ✓ 2. $\frac{256}{81}$
- ✗ 3. $\frac{16}{9}$
- ✗ 4. $\frac{64}{9}$

**Q.24** काय-केंद्रित घनीय (BCC) जालक में परमाणुओं की उपसहंयोजन संख्या कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. 12
- ✗ 2. 4
- ✗ 3. 6
- ✓ 4. 8

**Q.25** यदि संख्या 26347591 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से दूसरे अंक तथा दायीं ओर से तीसरे अंक का योगफल क्या होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 8
- ✗ 2. 10
- ✗ 3. 14
- ✓ 4. 12

**Q.26** योजना आयोग ने भारत में पंचवर्षीय योजनाएँ तैयार करने के लिए 'परिप्रेक्ष्य नियोजन' नामक तकनीक का इस्तेमाल किया। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, 'परिप्रेक्ष्य नियोजन' का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ 1. बिना समय सीमा के योजना बनाना
- ✗ 2. संकट प्रबंधन योजना
- ✓ 3. दीर्घकालिक रणनीतिक योजना
- ✗ 4. एक वर्ष के लिए सामरिक योजना

**Q.27** यदि संख्या 1847653 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों का योग कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 11
- ✗ 2. 14
- ✓ 3. 10
- ✗ 4. 12

**Q.28** 285 - 6 × (23 + 19) + 83 का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 106
- ✓ 2. 116
- ✗ 3. 110
- ✗ 4. 107

**Q.29** सुचारू शासन सुनिश्चित करने में, संसदीय प्रणाली का एक प्रमुख क्या लाभ है?

**Ans**
- ✗ 1. कार्यपालिका को विधायिका पर पूर्ण अधिकार प्राप्त है।
- ✓ 2. यह विधायिका और कार्यपालिका के बीच सामंजस्य और सहयोग सुनिश्चित करती है।
- ✗ 3. प्रधानमंत्री अपनी इच्छानुसार विधानमंडल को भंग कर सकते हैं।
- ✗ 4. न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका दोनों को नियंत्रित करती है।

**Q.30** वर्ष 1956 में एक कस्बे की जनसंख्या 2,07,300 थी। यदि दो लगातार दशकों में इसकी जनसंख्या में 20% प्रति दशक की दर से वृद्धि हुई, तो वर्ष 1976 में कस्बे की जनसंख्या कितनी थी?

**Ans**
- ✗ 1. 2,98,511
- ✗ 2. 2,98,507
- ✗ 3. 2,98,513
- ✓ 4. 2,98,512

**Q.31** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर SGUL एक निश्चित तर्क के अनुसार XLZQ से संबंधित है। MAOF उसी तर्क के अनुसार RFTK से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए BPDU दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✔ 1. GUIZ
- ✘ 2. GZIU
- ✘ 3. GZUI
- ✘ 4. GUZI

**Q.32** अंग्रेजों द्वारा भारत में अंग्रेजी शिक्षा औपचारिक रूप से किस वर्ष शुरू की गई थी?

**Ans**
- ✘ 1. 1854
- ✔ 2. 1835
- ✘ 3. 1813
- ✘ 4. 1829

**Q.33** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) £ € # 9 4 9 $ € * 9 @ * 6 6 5 © 5 6 3 8 7 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**
- ✘ 1. 8
- ✘ 2. 7
- ✘ 3. 5
- ✔ 4. 6

**Q.34** प्रेक्षणों 21, 27, 25, 31, 21, 35, 23, 25, 32, 27, 21, 29, 32, 29 और 31 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 21
- ✘ 2. 25
- ✘ 3. 27
- ✘ 4. 31

**Q.35** विशाल स्नानागार कहाँ स्थित है?

**Ans**
- ✘ 1. राखीगढ़ी
- ✘ 2. हड़प्पा
- ✘ 3. धोलावीरा
- ✔ 4. मोहनजोदड़ो

**Q.36** यदि संख्या 1385724 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

**Ans**
- ✘ 1. 0
- ✘ 2. 1
- ✘ 3. 3
- ✔ 4. 2

**Q.37** एक गाँव की जनसंख्या 1,10,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 5% की वृद्धि हुई तथा दूसरे वर्ष में 30% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _______ होगी।

**Ans**
- ✔ 1. 1,50,150
- ✘ 2. 1,48,500
- ✘ 3. 1,15,500
- ✘ 4. 1,43,000

Q.38 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| Number/symbol | 5 | $ | 7 | 2 | % | * | 3 | ^ | # | 9 | + | 6 | 8 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Code | A | F | L | B | G | M | C | H | N | D | J | P | E | K |

संदर्भ:
Number/symbol - संख्या/प्रतीक
Code - कूट

शर्तें:
i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के कूटों को आपस में बदला जाना है।
ii) यदि पहला और अंतिम अवयव विषम संख्याएँ हैं, तो पहले और अंतिम अवयव को @ के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्गमूल हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

$94^8 के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. FKKHE
2. FDKHE
3. FDDHE
4. EDKHF

Q.39 2025 में 67वें वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार में एल्बम ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसने जीता?

Ans
1. बेयोंसे – काउबॉय कार्टर
2. टेलर स्विफ्ट - द टॉर्चर्ड पोएट्स डिपार्टमेंट
3. बिली इलिश - हिट मी हार्ड एंड सॉफ्ट
4. सबरीना कारपेंटर - शॉर्ट एन स्वीट

Q.40 रीना, नवीन और अर्पिता ने क्रमशः 5 : 6 : 13 के अनुपात में निवेश करके साझेदारी में एक व्यवसाय शुरू किया। वर्ष के अंत में उन्हें ₹36,400 का लाभ प्राप्त हुआ, जो उनके कुल निवेश का 14% है। नवीन ने कितना निवेश (₹ में) किया था?

Ans
1. ₹64,818
2. ₹65,000
3. ₹65,105
4. ₹64,769

Q.41 MS पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन को शीघ्रता से सेव करने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. Ctrl + O
2. Ctrl + N
3. Ctrl + S
4. Ctrl + P

| | | |
|---|---|---|
| Q.42 | निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br>78, 91<br>94, 107 | |
| Ans | ✗ 1. 71, 74<br>✓ 2. 86, 99<br>✗ 3. 99, 114<br>✗ 4. 82, 105 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.43 | P, आयत ABCD के भीतर कोई बिंदु है। यदि PA = 94 cm, PB = 61 cm और PC = 67 cm है, तो PD की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 96<br>✗ 2. 95<br>✓ 3. 98<br>✗ 4. 102 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.44 | MS एक्सेल 365 में 'AutoFill' फीचर का क्या उद्देश्य है? | |
| Ans | ✗ 1. मानों की रेंज का स्वचालित रूप से योग करना<br>✓ 2. सेल कन्टेंट की कॉपी बनाना या पैटर्न जारी रखना<br>✗ 3. सेल डेटा को वैलिडेट करना<br>✗ 4. टेक्स्ट को कई सेल में स्प्लिट करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.45 | फरवरी 2025 में, भारत के विदेश मंत्री और 61 देशों के दूतों ने किस राष्ट्रीय उद्यान की समृद्ध जैव विविधता और प्रतिष्ठित एक सींग वाले गैंडों का अनुभव करने के लिए उसका दौरा किया? | |
| Ans | ✓ 1. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान<br>✗ 2. सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान<br>✗ 3. पेरियार राष्ट्रीय उद्यान<br>✗ 4. जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.46 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✓ 1. CK – JP<br>✗ 2. JR – PW<br>✗ 3. WE – CJ<br>✗ 4. FN – LS | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.47 | गृह मंत्रालय की 2022-23 वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के किस केंद्र शासित प्रदेश की तटरेखा सबसे लंबी है? | |
| Ans | ✗ 1. दमन और दीव<br>✓ 2. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह<br>✗ 3. पुडुचेरी<br>✗ 4. लक्षद्वीप | |

Q.48 2024 झारखंड विधानसभा चुनाव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं?

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 15 से अधिक सीटें जीती।
2. झारखंड मुक्ति मोर्चा को सबसे अधिक वोट शेयर प्राप्त हुआ।
3. राष्ट्रीय जनता दल ने विधानसभा में 4 सीटें जीती।

Ans
✗ 1. केवल 3
✓ 2. केवल 1 और 2
✗ 3. 1, 2 और 3
✗ 4. केवल 2

Q.49 जनवरी 2025 में, किस दिग्गज फिल्म निर्माता को भारतीय सिनेमा के लिए पद्मपाणि लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
✗ 1. श्याम बेनेगल
✗ 2. विशाल भारद्वाज
✗ 3. मीरा नायर
✓ 4. साईं परांजपे

Q.50 अनुदान मांग 2024-25 विश्लेषण के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण विकास विभाग के लिए कुल वित्तीय आवंटन कितना था?

Ans
✗ 1. ₹1.26 लाख करोड़
✗ 2. ₹2.58 लाख करोड़
✓ 3. ₹1.77 लाख करोड़
✗ 4. ₹1.50 लाख करोड़

Q.51 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। P की परीक्षा मंगलवार को है। R के बाद केवल दो लोगों की परीक्षा है। S की परीक्षा Q से ठीक पहले लेकिन R के बाद है। U की परीक्षा V के ठीक बाद है। T और S की परीक्षाओं के बीच कितने लोगों की परीक्षा है?

Ans
✗ 1. एक
✓ 2. चार
✗ 3. दो
✗ 4. तीन

Q.52 2025 G-20 जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन का विषय क्या है?

Ans
✓ 1. एकजुटता, समानता, संधारणीयता (Solidarity, Equality, Sustainability)
✗ 2. वैश्विक आर्थिक उपलब्धि (Global Economic Recovery)
✗ 3. डिजिटल रूपांतरण (Digital Transformation)
✗ 4. जलवायु कार्रवाई अब (Climate Action Now)

Q.53 एक लम्ब वृत्तीय शंकु की ऊँचाई 6.7 cm है, तथा इसके आधार की त्रिज्या 17.6 cm है। इसे पिघलाकर 8.8 cm आधार त्रिज्या वाले एक नए लम्ब वृत्तीय शंकु में ढाला जाता है। नए शंकु की ऊँचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 34.5
✓ 2. 26.8
✗ 3. 25.5
✗ 4. 37.5

**Q.54** कविता ₹239 में 2 सेब और 5 आम खरीदती है। जब एक सेब की कीमत 50% कम हो जाती है और आम की कीमत वही बनी रहती है, तो 2 सेब और 4 आम की कीमत ₹184 हो जाती है। 8 सेब और 8 आम की मूल कीमत कितनी है?

**Ans**
1. ₹441
2. ₹438
3. ₹436
4. ₹440 ✔

**Q.55** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 11 से विभाज्य है?

**Ans**
1. 1749 ✔
2. 2118
3. 2652
4. 1440

**Q.56** N, E का भाई है। E, P का पति है। L और G, P के पुत्र हैं। N का G से क्या संबंध है?

**Ans**
1. पिता का भाई ✔
2. पिता
3. पिता का पिता
4. पति का भाई

**Q.57** नवंबर 2024 में, किस भारतीय राज्य ने खाड़ी-स्थित भारतीय स्कूलों की सहभागिता के साथ ओलंपिक शैली के स्कूली खेल का आयोजन किया?

**Ans**
1. महाराष्ट्र
2. दिल्ली
3. केरल ✔
4. तमिलनाडु

**Q.58** एक कक्षा के दो वर्ग A और B हैं, जिनमें क्रमशः 22 और 44 विद्यार्थी हैं। यदि वर्ग A का औसत वजन 40 kg है और वर्ग B का औसत वजन 37 kg है, तो पूरी कक्षा का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 37.5
2. 39
3. 38 ✔
4. 38.5

**Q.59** द्वीपों को छोड़कर, भारत में किस राज्य की तटरेखा सबसे लम्बी है?

**Ans**
1. आंध्र प्रदेश
2. महाराष्ट्र
3. गुजरात ✔
4. तमिलनाडु

**Q.60** A, B, L, M, S, T और Z एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। M, T के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। M के बाएं से गिनने पर M और A के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। T और Z के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। L, S के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। S के बाएं से गिनने पर B और S के बीच कितने लोग बैठे हैं?

**Ans**
1. 4
2. 3
3. 2 ✔
4. 1

**Q.61** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उत्तरी मैदान की विशेषता का सबसे सटीक वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ 1. शुष्क और बंजर
- ✗ 2. पहाड़ी और वनाच्छादित
- ✓ 3. जलोढ़ और उपजाऊ
- ✗ 4. चट्टानी और ऊंचा

**Q.62** नागर विद्रोह, मैसूर साम्राज्य के नागर प्रांत (वर्तमान शिवमोग्गा जिला) में हुआ एक महत्वपूर्ण किसान विद्रोह, _________ में हुआ था।

**Ans**
- ✗ 1. 1856-57
- ✗ 2. 1798-99
- ✗ 3. 1710-11
- ✓ 4. 1830-31

**Q.63** वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 247 और 189 को विभाजित करने पर क्रमशः 3 और 6 शेष बचते हैं।

**Ans**
- ✗ 1. 64
- ✗ 2. 63
- ✗ 3. 62
- ✓ 4. 61

**Q.64** एक महिला ने 80 मिनट के लिए 20 m/min की चाल से और 70 मिनट के लिए 65 m/min की चाल से यात्रा की। उसकी औसत चाल (m/min में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 47
- ✗ 2. 45
- ✓ 3. 41
- ✗ 4. 34

**Q.65** यदि $a + b = 32$ और $(a - b)^2 = 372$ है, तो a और b के गुणनफल का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 163
- ✗ 2. 145
- ✗ 3. 161
- ✗ 4. 261

**Q.66** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

413, 390, 357, ?, 261, 198

**Ans**
- ✓ 1. 314
- ✗ 2. 344
- ✗ 3. 334
- ✗ 4. 324

**Q.67** जलोढ़ मृदा मुख्य रूप से भारत के किस क्षेत्र में पाई जाती है?

**Ans**
- ✗ 1. पश्चिमी घाट
- ✗ 2. पूर्वी घाट
- ✓ 3. सिंधु -गंगा का मैदान
- ✗ 4. प्रायद्वीपीय पठार

Q.68 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

911 910 920 919 929 ? 938

Ans
1. 928 ✔
2. 929 ✘
3. 924 ✘
4. 926 ✘

Q.69 भारत में मंत्री पद के चयन हेतु एक कारक के रूप में 'निष्ठा के लिए पुरस्कार (Reward for loyalty)' का क्या तात्पर्य है?

Ans
1. दीर्घकालिक समर्थन को मान्यता देना और पुरस्कृत करना ✔
2. मंत्रियों को मौद्रिक पुरस्कार प्रदान करना ✘
3. उम्मीदवारों की शैक्षिक पृष्ठभूमि की पुष्टि करना ✘
4. प्रत्येक भौगोलिक क्षेत्र को समान प्रतिनिधित्व मिलना सुनिश्चित करना ✘

Q.70 9वां संशोधन अधिनियम, 1960 निम्नलिखित में से किस समझौते को प्रभावी करने के लिए अधिनियमित किया गया था?

Ans
1. ताशकंद समझौता, 1966 ✘
2. भारत-पाक समझौता, 1958 ✔
3. लाहौर घोषणा, 1999 ✘
4. शिमला समझौता, 197 ✘

Q.71 एक यात्रा का एक-तिहाई भाग 67 km/hr की चाल से तय किया जाता है, यात्रा का अगला एक-तिहाई भाग 66 km/hr की चाल से तय किया जाता है, तथा शेष यात्रा 17 km/hr की चाल से तय की जाती है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल (km/hr में, एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 29.6 ✘
2. 33.7 ✔
3. 43.7 ✘
4. 28.6 ✘

Q.72 निजीकरण में उद्यमों का स्वामित्व सार्वजनिक क्षेत्र से निजी क्षेत्र को हस्तांतरित किया जाता है। निजीकरण का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

Ans
1. एकाधिकार शक्ति बढ़ाना ✘
2. सार्वजनिक रोजगार बढ़ाना ✘
3. राजकोषीय घाटा बढ़ाना ✘
4. कार्यकुशलता में सुधार करना और सरकारी बोझ कम करना ✔

Q.73 $x$ का संभावित मान ज्ञात कीजिए।

$$x^4 - 17x^2 + 60 = 0$$

Ans
1. $-\sqrt{2}$ ✘
2. $-\sqrt{6}$ ✘
3. $-\sqrt{12}$ ✔
4. $-\sqrt{3}$ ✘

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति विंडोज-आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम में किसी फ़ाइल का नाम बदलने से रोकती है?

Ans
1. फ़ाइल रीसायकल बिन (Recycle Bin) में स्थित है। ✘
2. फ़ाइल वर्तमान में किसी अन्य एप्लिकेशन में ओपन की गई है। ✔
3. फ़ाइल का नाम 255 वर्णों से अधिक लंबा है। ✘
4. फ़ाइल में 'Read-only' एट्रीब्यूट इनेबल है। ✘

| | |
|---|---|
| Q.75 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का पालन करते हैं।<br>AJK : BEG<br>JIL : KDH |
| Ans | ✗ 1. RLO : SIK<br>✓ 2. KKQ : LFM<br>✗ 3. BKK : CFH<br>✗ 4. OHF : PCC |

| | |
|---|---|
| Q.76 | ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण विकास विभाग के लिए संशोधित प्राक्कलन (Revised Estimate - RE) कितना था? |
| Ans | ✗ 1. ₹160,069.46 करोड़<br>✓ 2. ₹173,912.11 करोड़<br>✗ 3. ₹155,964.23 करोड़<br>✗ 4. ₹180,878.11 करोड़ |

| | |
|---|---|
| Q.77 | आवृत्ति के मापन का मात्रक क्या है? |
| Ans | ✗ 1. जूल<br>✗ 2. मिलीसेकंड<br>✓ 3. हर्ट्ज (Hz)<br>✗ 4. पास्कल |

| | |
|---|---|
| Q.78 | भारत में ब्रिटिश क्षेत्रों के नागरिक एवं सैन्य सरकार के सभी मामलों को नियंत्रित करने के लिए कौन-सा निकाय स्थापित किया गया था? |
| Ans | ✗ 1. विधान मंडल बोर्ड (Board of Legislature)<br>✓ 2. नियंत्रण बोर्ड (Board of Control)<br>✗ 3. निदेशक मंडल (Board of Directors)<br>✗ 4. कार्यकारी बोर्ड (Board of Executives) |

| | |
|---|---|
| Q.79 | एक वस्तु को ₹x में बेचा जाता है। यदि इसे इस मूल्य के 40% पर बेचा जाए, तो 50% की हानि होगी। इसे ₹x में बेचने पर प्रतिशत लाभ कितना होगा? |
| Ans | ✓ 1. 25%<br>✗ 2. 22%<br>✗ 3. 27%<br>✗ 4. 28% |

| | |
|---|---|
| Q.80 | 24%, 18% और 20% की क्रमिक छूट, किस एकल छूट के बराबर है?<br>(दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) |
| Ans | ✓ 1. 50.14%<br>✗ 2. 52.84%<br>✗ 3. 51.51%<br>✗ 4. 49.27% |

| | |
|---|---|
| Q.81 | किस प्रमुख भारतीय नेता ने 1928 के बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व किया, जो बढ़े हुए भूमि करों के विरुद्ध एक प्रमुख नागरिक अवज्ञा आंदोलन था? |
| Ans | ✓ 1. वल्लभभाई पटेल<br>✗ 2. महात्मा गांधी<br>✗ 3. जवाहरलाल नेहरू<br>✗ 4. बाल गंगाधर तिलक |

Q.82 14 cm व्यास वाले एक वृत्त के त्रिज्यखंड का चाप, वृत्त के केंद्र पर 120° का कोण बनाता है, त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (π = $\frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans

1. $51\frac{1}{2}\ cm^2$

2. $51\frac{1}{3}\ cm^2$ ✔

3. $150\ cm^2$

4. $154\ cm^2$

Q.83 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 1 5 & 3 * $ 4 @ % 2 7 # 9 ^ # ⩾ 6 8 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक अन्य संख्या है?

Ans

1. तीन

2. एक भी नहीं

3. दो ✔

4. एक

Q.84 दो नल एक टंकी को क्रमशः 3 घंटे और 36 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल इसे 4 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नलों को एकसाथ खोल दिया जाए, तो खाली टंकी का दो-तिहाई हिस्सा भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans

1. 12

2. 18

3. 24

4. 6 ✔

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

KO29 JN41 IM53 HL65 ?

Ans

1. GK77 ✔

2. GL77

3. GL78

4. GK78

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

1. FYUB ✔

2. SXBE

3. FKOR

4. BGKN

Q.87 श्रीमान Y बिंदु B से शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 1 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 9 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 2 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 13 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं, 3 km ड्राइव करते हैं और बिंदु A पर रुकते हैं। बिंदु B पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (निकटतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans

1. 1 km उत्तर की ओर

2. 9 km दक्षिण की ओर

3. 22 km पश्चिम की ओर ✔

4. 18 km पूर्व की ओर

Q.88 यदि ₹9,10,000 की धनराशि को अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 2% वार्षिक ब्याज दर से एक वर्ष के लिए निवेश किया जाता है, तो प्राप्त होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹20,081
2. ₹18,828
3. ₹17,125
4. ₹18,291

Q.89 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना है, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| Number/symbol | 9 | % | 2 | 5 | * | $ | 3 | ^ | # | 4 | + | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Code | S | G | L | F | B | M | C | H | N | D | J | P | E | K |

संदर्भ:
Number/symbol - संख्या/प्रतीक
Code - कूट

शर्तें:
i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के कूटों को आपस में बदल दिया जाना है।
ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को @ के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव 2 से विभाज्य हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

768*% के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. GPKBE
2. EPKBG
3. EPPBG
4. EKKBG

Q.90 आनंद ने एक वस्तु खरीदी और उसकी मरम्मत पर ₹169 खर्च किए। इसके बाद, उसने इसे भरत को 25% लाभ पर बेच दिया। अंततः, भरत ने वस्तु को ₹4,480 में बेच दिया, जिससे उसे 44% का घाटा हुआ। आनंद के लिए वस्तु की मूल लागत (₹ में) कितनी थी?

Ans
1. 6,400
2. 6,231
3. 6,403
4. 6,397

Q.91 भारत के संविधान के अनुच्छेद 59(3) में भारत के राष्ट्रपति के संबंध में कौन-सा विशिष्ट प्रावधान उल्लिखित है?

Ans
1. राष्ट्रपति का चुनाव
2. राष्ट्रपति का महाभियोग
3. राष्ट्रपति की शक्तियाँ
4. राष्ट्रपति का वेतन और विशेषाधिकार

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, RUYQ का संबंध एक निश्चित तरीके से KNRJ से है। उसी प्रकार, ORVN का संबंध HKOG से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LOSK का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
1. HELD
2. EHLD
3. EHDL
4. HEDL

Q.93 554 ई. के हर्ष शिलालेख में यज्ञवर्मन के उदय का उल्लेख किस स्थान से मिलता है?

Ans
1. थानेसर
2. कन्नौज
3. गया ✓
4. मगध

Q.94 'खोंगजोम की लड़ाई' ('Battle of Khongjom') का संगीतमय वर्णन किस राज्य का लोकप्रिय लोक संगीत है?

Ans
1. नागालैंड
2. अरुणाचल प्रदेश
3. केरल
4. मणिपुर ✓

Q.95 वॉल स्ट्रीट जर्नल ने किस भारतीय राज्य को उसकी समृद्ध विरासत और विविध वन्य जीवन को उजागर करते हुए "2025 के लिए वैश्विक गंतव्य (Go-To Global Destination for 2025)" नामित किया है?

Ans
1. ओडिशा
2. राजस्थान
3. केरल
4. मध्य प्रदेश ✓

Q.96 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

PTM NSJ LRG ? HPA

Ans
1. JPD
2. JQD ✓
3. JQE
4. HPD

Q.97 भारत सरकार, परिचालन दक्षता में सुधार करने, प्रतिस्पर्धा को कम करने और मौजूदा 43 RRBs को ________ में समेकित करने के लिए 'एक राज्य, एक RRB' (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) नीति को लागू करने के लिए तैयार है।

Ans
1. 29
2. 27
3. 28 ✓
4. 26

Q.98 मार्च 2025 में, रक्षा मंत्रालय ने कितने लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, प्रचंड, का ऑर्डर दिया?

Ans
1. 136
2. 156 ✓
3. 126
4. 196

Q.99 सात मित्र, E, F, G, H, I, J और Q, उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। Q के बाईं ओर केवल तीन लोग बैठे हैं। E के दाईं ओर केवल H बैठा है। E और J के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। I, F के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन G के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। G और F के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
1. चार
2. तीन ✓
3. एक
4. दो

**Q.100** **ISSF विश्व कप 2025 कहाँ आयोजित किया गया, जिसमें रुद्रांक्ष पाटिल और आर्य बोरसे ने 10 m एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता?**

**Ans**

✔ 1. लीमा, पेरू (Lima, Peru)

✘ 2. नई दिल्ली, भारत (New Delhi, India)

✘ 3. काहिरा, मिस्र (Cairo, Egypt)

✘ 4. म्यूनिख, जर्मनी (Munich, Germany)